# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अररिया

(प्राथमिक शिक्षा)

पत्रांक :– 89 /                                        दिनांक :– 06/01/2020

प्रेषक,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(प्रारंभिक शिक्षा–सह–समग्र शिक्षा), अररिया।

सेवा में,

प्रबंधक / संस्थापक,
मोहनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया आर0 एस0।

विषय :– स्थायी प्रस्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्रांक 06 दिनांक 26.09.12 द्वारा मोहनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया आर0 एस0 (प्रस्वीकृति कोड–AP-006) को अष्ठम् कक्षा तक वर्ग संचालन हेतु औपबंधिक प्रस्वीकृति दी गयी है।

आपके द्वारा प्राप्त आवेदन, संलग्न शपथ–पत्र में किये गये अनुरोध के फलस्वरूप दिनांक 26.12.2019 को जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–संयोजक की अध्यक्षता में बिहार राज्य बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली, 2011 के अधिनियम की धारा 18 के प्रयोजनार्थ विद्यालयों की प्रस्वीकृति हेतु आहुत बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में स्थायी प्रस्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि यदि भविष्य में जाँच के क्रम में विद्यालय असंचालित / प्रस्वीकृति पत्र में अंकित शर्त के अनुरूप संचालित नहीं पाया जाता है, तो दी गयी प्रस्वीकृति को रद्द करने हेतु नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

विश्वासभाजन

06/01/2020

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(प्रा0शि0–सह–समग्र शिक्षा), अररिया

06/01/2020